हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 7 अक्तूबर 2023, समय 1305 (5 मिनट))

चीन के हांगचोओ में चल रही एशियाई खेलों में भारत 25 स्वर्ण, 35 रजत और 40 कांस्य सहित कुल 100 पदक जीतकर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। एशियाई खेलों में यह, भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेलों में सौ पदक जीतने पर भारतीय एथलीटों को बधाई दी है।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह एशियाई खेलों में भारत के लिए एक यादगार उपलब्धि है। श्री मोदी ने कहा कि 100 पदकों की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने पर हर देशवासी रोमांचित है।

....

चंडीगढ़ प्रशासन ने उच्चतम न्यायालय द्वारा वर्ष 2018 में दिए गए फैसले और राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों के अनुसार केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में केवल हरित पटाखे चलाने की अनुमति दी है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं केंद्र शासित प्रदेश के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशों के अनुसार केवल उन्हीं हरित पटाखों को चलाने की अनुमति होगी जिनको वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद या राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान द्वारा प्रमाणित किया गया है।

पटाखों की लड़ियां चाहे हरित पटाखों में ही हों, को चलाने और बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। हरित पटाखों की बिक्री वही व्यापारी कर सकेंगे जिनके पास लाइसेंस होगा। आदेश के अनुसार केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के क्षेत्र में फ्लिपकार्ट एमेजोन जैसी ई-कॉमर्स वेबसाइट द्वारा भी पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा।

आदेश में यह भी कहा है कि दीवाली पर पटाखे रात 8 से 10 बजे तक और गुरूपर्व पर सुबह 4 से 5 बजे एवं रात 9 से 10 बजे तक चलाने की अनुमति होगी।

....

कुरूक्षेत्र के गांव किरमच स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को संस्कृति मॉडल स्कूल बनाने के आदेश जारी किए गए हैं।

थानेसर से विधायक सुभाष सुधा ने बताया कि पी.एम श्री संस्कृति मॉडल स्कूल बनाने की घोषणा के साथ अब इस विद्यालय को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड () से मान्यता मिलेगी और स्कूल के हर क्लासरूम को स्मार्ट क्लासरूम बनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मंगोली जटान, लाडवा, धूलगढ़, गुलडेहरा और शाहबाद के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को भी संस्कृति मॉडल स्कूल बनाने के आदेश जारी किए गए है।

....

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के कुछ ज़िलों में कपास की फसल को गुलाबी सुंडी के कारण हुए नुकसान की पूर्ति के लिए "क्षतिपूर्ति पोर्टल" खोलने की घोषणा की है।

चंडीगढ़ में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुआवजा 7 हज़ार रुपये से 15 हज़ार रुपये प्रति एकड़ की दर से प्रदान किया जाएगा। वहीं, बाढ़ से हुए नुकसान के कारण धान की दोबारा बुआई करने वाले किसानों को 7 हज़ार रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवज़ा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कंपनियों द्वारा बनाए गए क्लस्टर के दायरे में जिन क्षेत्रों को नहीं लिया गया और बैंक,फसल ऋण पर प्रीमियम काट रहे है उन्हें 15 हज़ार रुपये प्रति एकड़ का विशेष पैकेज देने के लिए बैंकों से चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन

किसानों ने फसल ऋण नहीं लिया है, उन्हें राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग के नियमों के अनुसार मुआवज़ा मिलेगा।

....

आकाशवाणी चंडीगढ़ के समाचार सेवा प्रभाग द्वारा "मेरी माटी मेरा देश अभियान" के तहत अमृतकाल में शुरू की गई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आज का प्रश्न है:- स्वतंत्रता सेनानी रामप्रसाद बिस्मिल का असली नाम क्या था?

प्रश्न एक बार फिर से सुन लें:- स्वतंत्रता सेनानी रामप्रसाद बिस्मिल का असली नाम क्या था?

अपने उत्तर newsairchd@gmail.com पर तुरंत मेल करें।

कल पूछे गए प्रश्न का उत्तर है:- देश के महान क्रांतिकारी चन्द्र शेखर आज़ाद ने यह नारा दिया था कि "दुश्मन की गोलियों का, हम सामना करेंगे, आज़ाद ही रहे हैं, आज़ाद ही रहेंगे।"

इस प्रश्न का सही उत्तर देने वाले हमारे विजेता हैं:- पंजाब के पटियाला से हरगुणप्रीत सिंह।

....

हरियाणा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा प्रदेश में जल आपूर्ति पर 1 हजार 443 करोड़ 74 लाख रूपये तथा सीवरेज पर 283 करोड़ 62 लाख रूपये खर्च किये जायेंगे।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पहली अक्तूबर 2021 को शहरों के कायाकल्प एवं जीर्णोद्धार के लिए शुरू किए गए अटल मिशन अमरूत द्वितीय को लागू करने की जिम्मेदारी हरियाणा सरकार ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को दी है। उन्होंने बताया कि केंद्र में इस योजना के तहत गठित शीर्ष समिति ने 57 शहरों के लिए 1 हजार 443 करोड़ 74 लाख रूपये की 48 जल आपूर्ति परियोजनाओं तथा 9 शहरों के लिए 283 करोड़ 62 लाख रूपये की सीवरेज परियोजनाओं को मंजूरी दी है और इनमें से 50 शहरों

में जल आपूर्ति एवं सीवरेज परियोजनाओं के लिए केंद्रीय हिस्सेदारी की पहली किस्त के रूप में 140 करोड़ रूपये जारी कर दिये है।

....